आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 03.08.2025    समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–हरियालो राजस्थान अभियान के तहत इस साल दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य–अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक पौधे लगाये गयें
- चुनाव आयोग ने मतदाता–सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कियां
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा–प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पर्यटन सर्किट बनाकर विकास किया जाएगां
- राज्य में भारी बारिश के दौर में कमी के बीच जयपुर और भरतपुर संभाग में कुछ स्थानों पर अगले दो–तीन दिन में भारी बारिश का पूर्वानुमानं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज अपने दिल्ली प्रवास के दौरान जोधपुर हाउस में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बिल्व का पौधा लगायां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिल्व जैसे पौधे धार्मिक और औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिएं मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया हैं इसके तहत अब तक साढ़े सात करोड़ से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं उन्होंने कहा कि राज्य ने हरियाली तीज के दिन ढाई करोड़ पौधे लगाकर एक रिकॉर्ड बनाया है, जो प्रदेशवासियों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं

मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष से मुलाकात कीं इससे पहले, श्री शर्मा ने कल केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात कीं श्री शर्मा ने प्रदेश में किये जा रहे नवाचारों, विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की जानकारी दीं

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत राज्य के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुएं इसी कड़ी में कोटपूतली–बहरोड़ के पावटा में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गयां इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षक और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में पौधे लगायें

जोधपुर में रक्षा प्रयोगशाला में आज मेगा वृक्षारोपण अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत हुईं अभियान में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लियां साथ ही लगाये गये पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लियां

000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज एक बार फिर से प्रधानमंत्री की अपील को दोहराते हुए देशवासियों से देश में ही बने उत्पादों की खरीद करने की अपील कीं

...............

चुनाव आयोग ने मतदाता–सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया हैं इसके साथ ही आयोग ने बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी बढोतरी की हैं बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हजार रुपये से बढाकर बारह हजार रुपये कर दिया गया हैं वहीं प्रोत्साहन राशि भी एक हजार से बढाकर दो हजार रुपये कर दी गई हैं बीएलओ पर्यवेक्षकों को अब सालाना बारह हजार रुपये की जगह अठारह हजार रुपये मिलेंगें अब पहली बार, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को भी मानदेय मिलेगां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को तीस हजार तथा सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को पच्चीस हजार रुपये दिए जाएंगें

000

भारतीय जनता पार्टी 10 अगस्त से "तिरंगा यात्रा" निकालेगीं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि 14 अगस्त तक चलने वाली ये यात्रा राज्यभर में मंडल और जिला स्तर पर निकाली जाएगीं उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को सशक्त करना और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान का स्मरण करना हैं श्री राठौड़ ने बताया कि इस आयोजन के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय टोली का गठन भी किया गया हैं

000

नागौर जिले में स्थित भक्त शिरोमणि मीरा बाई की कर्मस्थली मेड़ता का पर्यटन के उद्देश्य से विकास किया जाएगां उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज मेड़ता में मीरा बाई की जयंती के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मीरा बाई की अध्यात्मिक विरासत को सहेजने के लिए पैनोरमा परियोजना को और भव्य रूप दिया जाएगां इस लाइट एण्ड साउंड शो को उच्च तकनीकी स्तर पर अपग्रेड किया जाएगा, ताकि देश–विदेश से आने वाले पर्यटक मीरा बाई के जीवन दर्शन और भक्ति गाथा का अनुभव कर सकें उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मीरा बाई मंदिर परिसर में भक्ति आंदोलन पर आधारित संग्रहालय और संगीत सभागार की डीपीआर तैयार हो चुकी हैं उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं उन्होंने कहा कि मेड़ता सहित प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पर्यटन सर्किट बनाकर विकास कार्य करवाए जाएंगें

...............

000

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की हैं इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगीं इसके साथ ही उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों–दोनों में विश्वास बढ़ेगां इसके अलावा, आयुर्वेदिक आहार उत्पाद तैयार करने के लिए कारोबारियों को भरोसेमंद संदर्भ सामग्री भी मिल सकेगीं आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव ने लोगों से स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद आहार को शामिल करने का आग्रह किया हैं उन्होंने कहा कि आयुर्वेद आहार शरीर को पोषण देने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढाते हैं

000

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थोड़ा धीमा पड़ा हैं आज भी राज्य के विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गईं बारां, सवाईमाधोपुर, डीग, बांसवाडा और सिरोही में बरसात हुईं भरतपुर में सुबह से रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी रहां हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले दिनों से हो रही बरसात से आम जनजीवन पर असर पड़ा हैं

..............

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियों में थोड़ी कमी आने की संभावना हैं

...............

विभाग के अनुसार आगामी 5–6 दिन पश्चिमी राजस्थान में केवल कुछ स्थानों पर ही हल्की बारिश होने और अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं वहीं आज नौ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया हैं इनमें सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा और सवाई माधोपुर जिले शामिल हैं

000

अलवर में पांच अगस्त से सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगीं 20 अगस्त तक चलने वाली इस रैली में अलवर, खैरथल–तिजारा, भरतपुर, डीग, धौलपुर और कोटपूतली–बहरोड़ जिलों के युवा भाग ले सकेंगें जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का चयन अग्निवीर की विभिन्न श्रेणियों के लिए किया जाएगां

000

पाली जिले की रानी पंचायत समिति परिसर में सात दिवसीय आकांक्षा हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा हैं इसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और महिला समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हैं इनमें राजीविका महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार की गयी राखियां, सोजत की मेहंदी, शहद, मसाले और घरेलू सामग्री शामिल हैं

000

प्रदेश में आज अलग–अलग हादसों में मां बेटे सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गयीं श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर क्षेत्र में डिग्गी में डूबने से मां बेटे की मौत हो गई पुलिस के अनुसार पुत्र को पानी में डूबने से बचाने के प्रयास में महिला भी पानी में डूब गयीं उधर, पाली में दशा माता की मूर्ति के विसर्जन कार्यक्रम के दौरान पैर फिसलकर नाडी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में चल रहे मेघ उत्सव के दूसरे दिन आज विश्वविख्यात लोक गायक मूरलाला मारवाड़ा की कबीर और सूफी गायन की प्रस्तुति होगीं इससे पहले कल उत्सव की शुरूआत के मौके पर अदनान खान और उनके साथी कलाकारों ने राग मेघ और राग मल्हार जैसे मानसूनी रागों को फ्यूजन शैली में प्रस्तुत कियां इसके बाद प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना कनक सुधाकर और उनकी टीम ने "त्रिदेवी" प्रस्तुति के जरिए नारी के सशक्त स्वरुप पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कीं